दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बचपन से ही थे देशप्रेमी...
अजादी पर ...

वर्ष : 09 | अंक : 249 | लखनऊ, 12 अगस्त, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00 रुपए

## ख़ास ख़बर

### असम परिसीमन: एक लोस, 19 विधानसभा सीट के नाम बदले

■ नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें उनकी कुल संख्या क्रमशः 126 और 14 पर बरकरार रखी गई है। अपने अंतिम आदेश में, आयोग ने एक संसदीय और 19 विधानसभा क्षेत्रों के नाम में बदलाव किया है। निर्वाचन आयोग के एक बयान के अनुसार, 19 विधानसभा और दो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एसटी के लिए आरक्षित किए गए हैं। बयान के अनुसार, राज्य में एक लोकसभा और नौ विधानसभा क्षेत्र एससी के लिए आरक्षित किए गए हैं।इसमें कहा गया कि रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले।,200 से अधिक अभ्यावेदन पर विचार किया गया। सुझावों और आपत्तियों में से 45 प्रतिशत का अंतिम आदेश में समाधान किया गया।

### केजरीवाल, संजय सिंह को कोर्ट से राहत नहीं

■ अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दोनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति समीर दवे ने दोनों नेताओं के खिलाफ यहां एक मेट्रोपॉलिटन अदालत में चल रही मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि केजरीवाल और सिंह ने पहले सत्र अदालत को आश्वासन दिया था कि वे अपने बयान दर्ज कराने के लिए मेट्रोपॉलिटन अदालत के समक्ष उपस्थित रहेंगे।

### निलंबन के विरोध में जंजीर लपेटकर संसद परिसर पहुंचे आप सांसद रिंकू

■ नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य सुशील कुमार रिंकू लोकसभा से अपने और राज्यसभा सदस्यों संजय सिंह, राघव चड्ढा के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को शरीर पर जंजीर लपेटकर संसद भवन परिसर में पहुंचे। रिंकू ने पीटीआई-भाषा से कहा, देश में आज लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र सरकार ने लोकतंत्र के चारों स्तंभों को दासता की जंजीरों में बांध दिया है। ोकसभा में आप के एकमात्र सदस्य ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की और बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की विचारधारा की हत्या करने का आरोप लगाया और जनता से अपील की कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाया जाए।

## शीर्ष अदालत ने केंद्र से नफरत भरे भाषण के मामलों पर गौर करने के लिए समिति गठित करने को कहा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से नफरत भरे भाषण के मामलों पर गौर करने के लिए एक समिति गठित करने को कहा। उच्चतम न्यायालय हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों में हुई रैलियों में एक विशेष समुदाय के सदस्यों की हत्या और उनके सामाजिक तथा आर्थिक बहिष्कार के आह्वान संबंधी कथित घोर नफरत भरे भाषणों को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

हरियाणा में हाल में हुए सांप्रदायिक दंगों में छह लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन. भट्टी की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज से निर्देश लेने और 18 अगस्त तक समिति के बारे में सूचित करने को कहा। पीठ ने कहा, समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए। सभी समुदाय जिम्मेदार हैं। नफरती भाषण की समस्या अच्छी नहीं है और कोई भी इसे स्वीकार नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को वीडियो सहित सभी सामग्री एकत्र करने और उसके 21 अक्टूबर, 2022 के फैसले के अनुसरण में नियुक्त नोडल अधिकारियों को सौंपने का भी निर्देश दिया। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला द्वारा दाखिल अर्जी में एससी के दो अगस्त के उस आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया था, हम उम्मीद करते हैं कि राज्य सरकारें और पुलिस यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई नफरत भरा भाषण न दिया जाए और कोई हिंसा न हो या संपत्तियों को नुकसान न हो।

## जेईई अभ्यर्थी ने लगाई फांसी

### इस महीने आत्महत्या का यह तीसरा मामला

■ कोटा

राजस्थान के कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे 17-वर्षीय अभ्यर्थी ने यहां अपने छात्रावास में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते दो सप्ताह में इस कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे छात्रों की संदिग्ध आत्महत्या का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक, कोटा के महावीर नगर इलाके में बृहस्पतिवार शाम को मनीष प्रजापत का शव उसके कमरे के पंखे से लटका हुआ पाया गया।यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा संदिग्ध रूप से आत्महत्या का इस साल का यह 19वां मामला है।पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला प्रजापत यहां एक साल पहले आया था और एक कोचिंग संस्थान में जेईई की तैयारी कर रहा था। जवाहर नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में प्रजापत के पिता उससे मिलने यहां आए थे और पांच दिन रुकने के बाद बृहस्पतिवार को घर के लिए निकले। लड़के ने अपने पिता के जाने के कुछ घंटों बाद ही यह चरम कदम उठाया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि किशोर ने बृहस्पतिवार शाम को छात्रावास के भोजनालय में रात का खाना खाया और करीब सात बजे अपने कमरे में चला गया। पुलिस ने बताया कि ट्रेन से आजमगढ़ जा रहे उसके पिता ने छात्रावास की देखभाल करने वाले व्यक्ति को उनके बेटे को देखने के लिए भेजा, क्योंकि वह कॉल नहीं उठा रहा था।खिड़की से झांकने पर व्यक्ति ने प्रजापत को चादर की मदद से पंखे से लटका हुआ पाया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। किशोर की कथित आत्महत्या के पीछे पढ़ाई का दबाव एक कारण हो सकता है।

## उपराष्ट्रपति ने दिखाई सांसदों की हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी

एजेंसी ■ नईदिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सांसदों की हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई और कहा कि भारत का उदय अब थमने वाला नहीं है।

यह रैली प्रगति मैदान से प्रारंभ हुई और इंडिया गेट के गोल चक्कर की परिक्रमा करते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में संपन्न हुई।

धनखड़ ने कहा, यह निश्चित रूप से एक महान अवसर है, यह एक ऐसा अवसर है जो हमें यह महसूस करवाएगा कि पृथ्वी पर विशालतम लोकतंत्र वाले भारत का उदय इस प्रकार हो रहा है जैसे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवसर.... जहां संसद सदस्य उस आयोजन का एक पक्ष बने, जिसमें हमारी खुशियों, उपलब्धियों एवं प्राप्तियों का उत्सव मनाया जाएगा तथा हमारे तिरंगे का सम्मान किया जाएगा..., निश्चित रूप से एक स्मरणीय आयोजन है।



## अनिश्चित काल के लिए लोकसभा सत्र स्थगित

## हंगामेदार मानसून सत्र में छाया रहा मणिपुर मुद्दा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

संसद का हंगामेदार मानसून सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया और इस दौरान मणिपुर मुद्दे को लेकर लोकसभा एवं राज्यसभा में लगातार गतिरोध बना रहा। हालांकि, लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष एवं विपक्षी दलों के सदस्यों ने एक दूसरे पर जमकर तीर चलाए किंतु बाद में यह खारिज हो गया तथा सत्र के दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करवाने में कामयाब रही। बीस जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र के दौरान मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान और चर्चा कराए जाने की मांग सहित विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण लोकसभा में कुल 46 प्रतिशत कामकाज हुआ वहीं राज्यसभा में व्यवधानों के कारण 50 घंटे और 21 मिनट बर्बाद हुए।

मानसून सत्र के दौरान अशोभनीय एवं नियम विरुद्ध आचरण के कारण लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी एवं आम आदमी पार्टी के एकमात्र सदस्य सुशील कुमार रिंकू, वहीं राज्यसभा में आप के संजय सिंह एवं राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया गया। वैसे राज्यसभा में कांग्रेस की निलंबित चल रही सदस्य रजनी



पाटिल का निलंबन समाप्त कर दिया गया और उन्हें सदन की कार्यवाही में भाग लेने का मौका दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निचले सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा से पहले बताया कि सत्र के दौरान 17 बैठक हुई जिनमें 44 घंटे 13 मिनट कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में लोकसभा की कार्य उत्पादकता करीब 46 प्रतिशत रही।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में कहा, एक बार फिर, हम संकीर्ण हितों के आकर्षण में आ गए और सदन में अव्यवस्था को सामान्य बात होने दिया। ऐसा लगता है कि मेरी अपीलों का सदस्यों पर अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा। धनखड़ ने कहा कि सदन में बार-बार व्यवधान से स्पष्ट होता है कि उनके संदेश पर अपेक्षित गंभीरता से विचार नहीं किया गया।

सत्र के दौरान दोनों सदनों में पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों में बहु राज्य सहकारी सोसाइटी संशोधन विधेयक 2023, डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक 2023, राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक 2023, राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023, जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक 2023, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 और अंतर सेना संगठन कमान, नियंत्रण और अनुशासन विधेयक 2023 शामिल हैं।

### सरकार का यह दावा बकवास है कि वह संसद मे मणिपुर पर चर्चा चाहती थी : कांग्रेस

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की यह बात पूरी तरह से बकवास है कि वह संसद में मणिपुर पर चर्चा चाहती थी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि राज्यसभा में मणिपुर पर चर्चा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों ने बीच का रास्ता सुझाया था, लेकिन सरकार इस पर आगे नहीं बढ़ी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मणिपुर पर चर्चा नहीं कराने के कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार के बार-बार चर्चा का आग्रह करने के बावजूद विपक्षी दलों ने दुर्भाग्यपूर्ण रूप से राजनीतिक कारणों से चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। जोशी के इस बयान के बाद रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का यह दावा कि वह मणिपुर पर चर्चा चाहती थी, पूरी तरह से बकवास है।

### लगता है राहुल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं : प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी के भाषण से भारत माता शब्द नहीं बल्कि असंसदीय शब्दों को हटाया गया और उनके बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के बाद प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के बयान के बारे में एक सवाल के जवाब में जोशी ने कहा, राहुल गांधी का आज का बयान देशहित में नहीं है, उन्हें समझ नहीं है और ऐसा प्रतीत होता है कि वह मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि तथाकथित ग्रैंड ओल्ड पार्टी गैर जिम्मेदाराना आचरण कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जब मणिपुर में आग लगी है, हत्याएं और बलात्कार हो रहे हैं, तो ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के भीतर जिस प्रकार से हंसी-मजाक किया, वह उन्हें शोभा नहीं देता। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि यह अच्छा संकेत है कि विपक्षी पार्टी भारत माता के बारे में बात करने लगी है।

## मणिपुर में आग लगी है, ऐसे में हंसी-मजाक करना पीएम को शोभा नहीं देता: राहुल गांधी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि जब मणिपुर में आग लगी है, हत्याएं और बलात्कार हो रहे हैं, तो ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के भीतर जिस प्रकार से हंसी-मजाक किया, वह उन्हें शोभा नहीं देता।राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि मणिपुर को दो हिस्सों में बांट दिया गया है और वहां भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) और हिंदुस्तान की हत्या कर दी गई है तथा प्रधानमंत्री नहीं चाहते कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में लगी आग बुझे। लोकसभा में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया था। उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली के लिए सभी से मिलकर काम करने और वहां के



लोगों के लिए दर्द की दवा बनने का आग्रह करते हुए कहा था कि देश का पूर्वोत्तर क्षेत्र वैश्विक दृष्टि से केंद्र बिंदु बनने वाला है तथा मणिपुर में शांति का सूरज उगेगा। अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया था। राहुल गांधी ने कहा, कल (बृहस्पतिवार) प्रधानमंत्री ने लोकसभा में दो घंटे 13 मिनट का भाषण दिया, लेकिन इसमें मणिपुर पर सिर्फ दो मिनट बात की। मणिपुर में महीनों से आग लगी है, लोग मारे जा रहे हैं, बलात्कार हो रहे हैं, बच्चों को मारा जा रहा है और प्रधानमंत्री हंस-हंसकर बात कर रहे थे। मजाक कर रहे थे। ए हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता।

उन्होंने कहा, संसद के बीच में बैठे प्रधानमंत्री बेशर्मी से हंस रहे थे... मुद्दा कांग्रेस या मैं नहीं थे, मुद्दा यह था कि मणिपुर में क्या हो रहा है? और इसे क्यों नहीं रोका जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाते कि भारत का प्रधानमंत्री होना क्या है।उन्होंने दावा किया, वह यह नहीं समझ पाते कि वह हमारे प्रतिनिधि हैं...प्रधानमंत्री को एक मामूली नेता या किसी दल के नेता की तरह नहीं बोलना चाहिए...मैंने कांग्रेस और भाजपा से संबंधित रखने वाले प्रधानमंत्रियों को देखा...वाजपेई जी को देखा, देवगौड़ा जी को देखा। किसी ने ऐसा नहीं किया था।

### एनआईएमएएस की टीम ने गुरुशिखर पर चढ़ाई की

जयपुर। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम ने निदेशक कर्नल रणवीर सिंह जमवाल के नेतृत्व में हर शिखर तिरंगा अभियान के तहत राजस्थान की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर पर चढ़ाई की। कर्नल जमवाल ने शुक्रवार को कहा, हमने 9 अगस्त को राजस्थान में गुरु शिखर चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राजस्थान 13वां राज्य था जहां हमने अभियान चलाया।अरुणाचल प्रदेश के दिरांग में स्थित एनआईएमएएस रक्षा मंत्रालय के तहत काम करता है। यह अभियान पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर राज्यों की 16 सदस्यीय टीम द्वारा शुरू किया गया था और इस अक्टूबर में सिक्किम में समाप्त होगा। तीन बार माउंट एवरेस्ट और सातों महाद्वीपों के सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर चढ़ने का गौरव हासिल करने वाले कर्नल जमवाल ने कहा कि अभियान के माध्यम से वोकल फॉर लोकल की थीम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## शीर्ष कोर्ट ने कॉलेजियम के एचसी के 23 जजों के तबादले की सिफारिश की

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों से 23 न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है, जिनमें गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हेमंत एम. प्रच्छक भी शामिल हैं, जिन्होंने मोदी उपनाम टिप्पणी से संबंधित 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी।प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की सदस्यता वाले कॉलेजियम ने तीन अगस्त को हुई अपनी बैठक में बेहतर न्यायिक प्रशासन के लिए विभिन्न उच्च न्यायालयों के नौ न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड



किए गए कॉलेजियम प्रस्ताव के अनुसार, इन नौ नामों में से चार-चार न्यायाधीश गुजरात तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालयों से, जबकि एक अन्य न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय से हैं। प्रस्ताव में कहा गया कि कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति प्रच्छक का तबादला गुजरात उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय करने की सिफारिश की है।गुजरात उच्च न्यायालय ने सात जुलाई को गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने मोदी उपनाम टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने का आग्रह किया था। न्यायमूर्ति प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि गांधी पहले से ही देशभर में 10 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी को उनकी टिप्पणियों के लिए दो साल जेल की सजा देने का निचली अदालत का आदेश न्यायोचित, यथोचित और वैध था।

बाद में, उच्चतम न्यायालय ने चार अगस्त को इस मामले में गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। कॉलेजियम के प्रस्ताव के अनुसार, गुजरात उच्च न्यायालय के अन्य तीन न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति अल्पेश वाई कोग्जे, न्यायमूर्ति कुमारी गीता गोपी और न्यायमूर्ति समीर जे दवे, को क्रमशः इलाहाबाद, मद्रास और राजस्थान उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है।

### जरा हट के... बग्गा




### न्यायालय ने बिहार सरकार से पूछा

## लोक सेवकों की हत्या के कितने दोषी पूर्व सांसद आनंद मोहन के साथ रिहा हुए

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार सरकार से सवाल किया कि इस साल अप्रैल में पूर्व लोकसभा सांसद आनंद मोहन के साथ सजा में छूट पाने वाले कितने गुनहगार ड्यूटी पर तैनात लोक सेवक की हत्या करने के दोषी ठहराए गए थे। बिहार सरकार ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि वर्ष 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन डीएम कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे मोहन सहित कुल 97 दोषियों को एक ही समय में वक्त से पहले रिहा कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मोहन को दी छूट वाली याचिका पर अंतिम सुनवाई 26 सितंबर तक के लिए टाल दी। यह याचिका मारे गए आईएएस अधिकारी की पत्नी ने दाखिल की है। कोर्ट ने बिहार सरकार के वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार को एक अतिरिक्त हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसमें रिहा किए गए उन दोषियों का विवरण देने के लिए कहा गया है, जिन्हें एक लोक सेवक की हत्या का दोषी ठहराया गया था।

### इलाज — आठ महीने से महिला का पेट फूल रहा था और वह तेज दर्द के कारण बेहद परेशान थी...

## महिला के अंडाशय से निकाली गई 15 किलोग्राम की गांठ

■ इंदौर

इंदौर में डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी के जरिए एक 41 वर्षीय महिला के अंडाशय से लगभग 15 किलोग्राम वजनी गांठ निकालकर उसे नया जीवन दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक गांठ के लगातार बड़ी होने के चलते पिछले आठ महीने से महिला का पेट फूल रहा था और वह तेज दर्द के कारण बेहद परेशान थी। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अतुल व्यास ने शुक्रवार को बताया कि पांच सर्जन समेत 15 सदस्यीय चिकित्सा दल ने मंगलवार को दो घंटे में महिला



के जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने बताया, सर्जरी के दौरान जब हमने महिला के शरीर में चीरा लगाया, तो हम अंडाशय की भारी-भरकम गांठ देखकर हैरान रह गए। गांठ को बाहर निकालकर तौले जाने पर इसका वजन करीब 15 किलोग्राम निकला।

व्यास ने बताया कि सर्जरी से पहले महिला का वजन करीब 50 किलोग्राम था जिसमें 15 किलोग्राम की गांठ का वजन भी शामिल है। उन्होंने बताया, सर्जरी के बाद महिला एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती है और फिलहाल उसकी हालत एकदम ठीक है। उसने हमसे कहा कि अब वह अपने शरीर में काफी हल्कापन महसूस कर रही है। व्यास ने बताया कि महिला के अंडाशय से निकाली गई गांठ के नमूने को हिस्टो पैथोलॉजी जांच के लिए भेजा गया है ताकि पता चल सके कि कहीं वह कैंसर से पीड़ित तो नहीं है। सर्जन दल में शामिल सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार किसी महिला के अंडाशय से 15 किलोग्राम वजनी गांठ निकलती देखी है और यह पूरे प्रदेश में संभवतः अपनी तरह का पहला मामला है। उन्होंने बताया, अगर यह भारी-भरकम गांठ नहीं निकाली जाती, तो महिला की जान को खतरा हो सकता था। इस गांठ के चलते महिला का रक्तचाप बार-बार कम-ज्यादा हो रहा था और उसकी मूत्र नलियों पर दबाव पड़ रहा था।

Scanned by TapScanner

चिंतन

# भारत के साथ सीमा विवाद हल करे चीन

चीन के साथ भारत के सीमा विवाद का हल दोनों मुल्कों के हित में है। जून 2020 में हुई गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच सीमा पर लगातार तनाव है। 18 दौर की कमांडर वार्ता के बाद भी कोई हल नहीं निकला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा है कि भारत और चीन ने पिछले तीन वर्ष में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव वाले पांच-छह बिन्दुओं पर वार्ता के जरिए प्रगति की है तथा बाकी के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जा रहा है। सीमा पर चीनी सैन्य गतिविधियों को लेकर सरकार लगातार विपक्ष की आलोचना झेल रही है। विपक्ष संसद व संसद के बाहर सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि सरकार चीन के साथ सीमा विवाद हल करने में विफल रही है, सीमा पर चीनी अतिक्रमण बढ़ा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसलिए स्थिति स्पष्ट की है कि पूर्वी लद्दाख में विवाद को हल करने का प्रयास किया जा रहा है और दोनों पक्ष समाधान तलाशने पर काम कर रहे हैं। यह अच्छा संकेत है। दरअसल, भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ बिन्दुओं पर तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई इलाकों से सैनिकों को वापस भी बुलाया है। इसके बावजूद एलएसी पर सैन्य तनाव बरकरार है। इसका हल जरूरी है। हाल में चीनी रुख में भी बदलाव आया है, चीन की तरफ से भारत से रिश्ते बेहतर करने के प्रयास तेज हुए हैं। चीनी विदेश मंत्री भारत दौरे पर आए, एससीओ, ब्रिक्स बैठकों में भारत व चीन के नेताओं के बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक रहे हैं। भारत में सितंबर में आयोजित जी-20 की मुख्य बैठक में भी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग शिरकत करने वाले हैं। भारत भी शांति का पक्षधर है और चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाना चाहता है। भारत व चीन के बीच करीब 3488 किलोमीटर की सीमा है, लेकिन सीमा को लेकर भारत व चीन के अपने अपने दावे के चलते विवाद कायम है। सीमा पर चीनी कुराफात के चलते भारत को हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। चीन सीमा पर विवाद को जन्म देकर दूसरे मुल्कों की भूमि हड़पने की अपनी पुरानी चाल को दोहराता रहता है। चीन अपनी भौगोलिक विस्तारवाद की महत्वाकांक्षा के चलते भी सीमा विवाद को हल करने में रुचि नहीं दिखाता है। क्योंकि भारत के साथ अनेक बार वार्ता के बाद भी चीन सीमा पर एक राय कायम नहीं कर सका है, जबकि भारत के साथ सीमा विवाद के हल होने से चीन का भी फायदा ही है। कारण कि भारत और चीन के बीच आपसी व्यापार ड्रैगन के पक्ष में है। इसका मतलब यह हुआ कि भारत जितना चीन को निर्यात करता है, उससे अधिक उससे आयात करता है। चीन ने अपनी सामरिक शक्ति का दुरुपयोग पड़ोसी देशों के साथ सीमा पर विवाद को जन्म देने में किया है। पूर्वी लद्दाख में गलवान की घटना ने चीनी दुर्भावना को उजागर किया। भारत के साथ वह कभी भी भरोसेमंद नहीं रहा। मजबूर होकर भारत चीन से ट्रेड कम करना शुरू किया है और सीमा पर बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है। चीन को चाहिए कि वह भारत के साथ सच्चे मन से सीमा विवाद सुलझाए, ये दोनों के हित में है और वह भारत की स्वतंत्र विदेश नीति व कूटनीति का सम्मान करे। यूएन में अपने वीटो पावर का दुरुपयोग भारत के खिलाफ ना करे। चीन भरोसेमंद राष्ट्र बने।



विचार
राज कुमार सिंह

# राहुल को राहत से बदलेगा राजनीतिक परिदृश्य

तकनीकी दृष्टि से यह सही है कि राहुल को सूरत की अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनायी और लोकसभा सचिवालय ने नियमानुसार तत्काल उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। उनसे आनन-फानन में ही सांसदवाला बंगला भी खाली करा लिया गया, लेकिन इस पूरे प्रकरण के मूल में राजनीति को देख-समझ पाना मुश्किल भी नहीं। इसलिए राहुल को इस राहत पर कांग्रेस और भी आक्रामक होगी। कांग्रेस राहुल समेत नेहरू परिवार को निशाना बनाये जाने को मुद्दा बनाते हुए मतदाताओं की सहानुभूति हासिल करना चाहेगी, जबकि भाजपा इसे विशुद्ध न्यायिक प्रक्रिया बताते हुए राहुल के विरुद्ध लंबित अन्य मानहानि मामले भी गिनाएगी।

राहुल गांधी के मोदी सरनेम संबंधी बयान को आपत्तिजनक मानते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि मामले में उन्हें अधिकतम दो वर्ष की सजा दिये जाने पर जो सवाल उठाये हैं, उनका कानूनी ही नहीं, राजनीतिक असर भी दूरगामी होगा। निचली अदालतों द्वारा अधिकतम सजा सुनाये जाने का कारण न बताये जाने के आधार पर ही सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की दोषसिद्धि और सजा पर रोक लगाते हुए जो राहत दी है, उससे उनकी सांसदी बहाली और अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस राहत को संविधान और लोकतंत्र की जीत बताते हुए कांग्रेस ने जिस तरह भाजपा और नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा है, उससे साफ है कि इस मुद्दे पर राजनीति और गरमायेगी।

ध्यान रहे कि मोदी सरनेम संबंधी बयान पर सूरत की अदालत में यह मानहानि मुकदमा भाजपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने दायर किया, जिनके मोदी सरनेम की वास्तविकता पर ही सवाल उठाते हुए राहुल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में यह भी कहा कि यह सरनेम किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। मसलन, सोहराब मोदी पारसी थे सैयद मोदी मुसलमान, जबकि ललित मोदी मारवाड़ी समुदाय से आते हैं।

तकनीकी दृष्टि से यह सही है कि राहुल को सूरत की अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनायी और लोकसभा सचिवालय ने नियमानुसार तत्काल उनकी सदस्यता समाप्त कर दी। उनसे आनन-फानन में ही सांसदवाला बंगला भी खाली करा लिया गया, लेकिन इस पूरे प्रकरण के मूल में राजनीति को देख-समझ पाना मुश्किल भी नहीं। इसलिए राहुल को इस राहत पर कांग्रेस और भी आक्रामक होगी। कांग्रेस राहुल समेत नेहरू परिवार को निशाना बनाये जाने को मुद्दा बनाते हुए मतदाताओं की सहानुभूति हासिल करना चाहेगी, जबकि भाजपा इसे विशुद्ध न्यायिक प्रक्रिया बताते हुए राहुल के विरुद्ध लंबित अन्य मानहानि मामले भी गिनाएगी।

**संकेत साफ है:** संसद से सड़क तक सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव और बढ़ेगा ही। यह समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि न सिर्फ राहुल, बल्कि कांग्रेस का मनोबल सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत से सातवें आसमान पर है, जिसका असर भाजपा ही नहीं, खुद विपक्षी एकता पर भी पड़ेगा। भाजपा शुरू से ही मोदी बनाम राहुल के चुनावी मुकाबले को अपने अनुकूल बताती रही है, लेकिन कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा के बाद राजनीतिक परिस्थितियां वैसी नहीं रह गयी हैं।

भारत जोड़ो यात्रा से न सिर्फ राहुल गांधी की छवि सुधरी है, बल्कि पस्तहाल कांग्रेस संगठन में नये उत्साह का संचार भी हुआ है। हालांकि गुजरात में कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक रहा, पर हिमाचल प्रदेश और फिर कर्नाटक में भाजपा से सत्ता छीनने के बाद देश की



सबसे पुरानी पार्टी का पुराना आत्मविश्वास लौटता दिख रहा है। बिना व्यापक एकता मोदी की भाजपा को न हरा पाने के अहसास के गहराते जाने के बाद विपक्षी एकता की कवायद ने भी गति पकड़ी है। दूसरी ही बैठक में विपक्ष न सिर्फ अपना कुनबा बढ़ाने में कामयाब रहा है, बल्कि अपने गठबंधन का नामकरण भी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस करने में सफल रहा, जिसका संक्षिप्त नाम इंडिया बनता है।

उम्मीद के मुताबिक इस नामकरण को अदालत में चुनौती भी दे दी गयी है। अपने खेमे में सेंधमारी के बीच भी विपक्ष एकता की जिस राह पर चल पड़ा है, उसमें कांग्रेस अग्रिम होते हुए भी नेतृत्व की दावेदारी से अभी तक बचती रही है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट से राहत के बाद मीडिया से बातचीत में राहुल ने याद दिलाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस का लक्ष्य सत्ता का नेतृत्व करना नहीं, बल्कि देशहित में भाजपा को हराना है, लेकिन राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि राहुल गांधी की सांसदी बहाली और अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो जाने के बाद नेतृत्व के मुद्दे पर भी समीकरण बदलेंगे।

**कांग्रेस अभी भी चार राज्यों :** राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सत्तारूढ़ है। अगर वह इसी साल होनेवाले विधानसभा चुनावों में राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता बरकरार रखते हुए मध्य प्रदेश में भी सत्ता हासिल कर तेलंगाना में बेहतर प्रदर्शन कर पाती है तो विपक्षी गठबंधन में न सिर्फ ज्यादा सीटों के लिए उसका दबाव बढ़ेगा, बल्कि लोकसभा चुनाव बाद सरकार बनने की स्थिति में नेतृत्व के लिए भी उसके दावे को नजरअंदाज कर पाना आसान नहीं होगा। विपक्षी एकता के सूत्रधार के रूप में नीतीश कुमार नेतृत्व की कतार में आगे समझे जा रहे थे, लेकिन बेंगलुरू बैठक के बाद संदेह और सवाल उठने शुरू हो गये हैं। हालांकि महाराष्ट्र में अपनी पार्टी को ही टूटने से नहीं बचा पाये, पर मराठा क्षत्रप शरद पवार को कम नहीं आंका जा सकता। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की सत्ता महत्वाकांक्षाएं भी छिपी नहीं हैं। ऐसे में, विपक्षी एकता के मुकाबले के लिए अचानक एनडीए का कुनबा बढ़ाने में जुटी भाजपा को उम्मीद है कि नेतृत्व के मुद्दे पर इंडिया में बढ़ सकनेवाला टकराव उसकी राह आसान कर देगा। राजनीति में कुछ भी असंभव या अस्वाभाविक नहीं होता, पर भविष्य से भी पहले अपना अस्तित्व बचाने की मजबूरी में एक होनेवाला विपक्ष फिर से बिखराव में निहित खतरों का जोखिम उठाना चाहेगा? हालांकि अगले लोकसभा चुनाव में अभी नौ महीने बाकी हैं, लेकिन एनडीए और इंडिया की कवायद से साफ है कि मुकाबला गठबंधनों के बीच होगा।

यह भी कि एनडीए का चेहरा मोदी होंगे तो इंडिया के स्टार प्रचारक निश्चय ही राहुल, जो मोदी और भाजपा पर सबसे ज्यादा मुखर आक्रामक हैं। अब राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण भी तय माना जा रहा है, जो पोरबंदर से शुरू हो कर अगरतला में संपन्न होगी। इस यात्रा के जरिये इस साल के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनाते हुए राहुल की राजनीतिक छवि निखारने का काम भी जारी रहेगा ही। हां, **अभी भी तीन राज्यों :** ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सत्तारूढ़ दल किसी गठबंधन में शामिल नहीं हुए हैं। ऐसे में राजनीतिक शक्ति संतुलन की चाबी फिलहाल उनके हाथ मानी जा सकती है।

मुद्दा
योगेश सोनी



# महिलाओं का गायब होते रहना चिंता का विषय

हाल ही में चल रही देश की गर्म राजनीति में बीते दिनों संसद में महिलाओं व बच्चियों के गायब होने का आंकड़ा नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा पेश किया गया जिसमें देश भर में 2019 और 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 10, 61,648 महिलाएं और उससे कम उम्र की 2,51,430 लड़कियां लापता हो गई। स्थिति यह है कि 2019 और 2021 के बीच तीन वर्षों में ही देश की 13.13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं गायब हो गई। गायब होने में सबसे अधिक लगभग दो लाख मध्य प्रदेश से थी, उसके बाद पश्चिम बंगाल से लगभग 1,92,000 गायब हुई हैं। यदि आंकड़ों का और सूक्ष्म रुप से वर्गीकरण करके बताया जाए तो मध्य प्रदेश में 2019 और 2021 के बीच 1,60,180 महिलाएं और 38,234 लड़कियां गायब हो गई हैं। वहीं पश्चिम बंगाल से कुल 1,56,905 महिलाएं और 36,606 लड़कियां लापता हुई हैं। महाराष्ट्र में इस दौरान 1,78,400 महिलाएं और 13,033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा में 70,222 महिलाएं और 16,649 लड़कियां गायब हुई, इसी दौरान छत्तीसगढ़ से 49,116 महिलाएं और 10,817 लड़कियां गायब हो गई।

केंद्र शासित प्रदेशों की बात करें दो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थिति काफी खराब है। केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की संख्या दिल्ली में ही दर्ज की गई हैं। सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2019 और 2021 के बीच 61,054 महिलाएं और 22,919 लड़कियां गायब हो गई हैं, जबकि इसी अवधि में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से 8,617 महिलाएं और 1,148 लड़कियां लापता हो गई हैं। महिला सुरक्षा और बेटी बचाने के नारों के बीच देश भर से बड़ी संख्या में वह गायब भी हो रही है। गायब होने वाली महिलाओं और बेटियों के ताजा आंकड़े काफी चिंताजनक हैं। हम इसे ऊपरी तौर पर समझने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पाएंगे, लेकिन आज हम आपको इसकी सच व भयावह कहानी के विषय में बताने जा रहे हैं।

दरअसल देश के कुछ राज्यों से लडकियों को वेश्यावृति के लिए महानगरों व अन्य दूसरे राज्यों के लिए लाया जाता है। जिसमें पश्चिम बंगाल,आसम व मध्य प्रदेश के अलावा भी दो-तीन राज्य और हैं। इन राज्यों की कहानी यह है कि दलाल घरवालों से लड़कियों का काम दिलवाने के नाम पर ले जाते हैं लेकिन और फिर वह लड़कियों का वेश्यावृत्ति के धंधे में उतार देते हैं। इसके अलावा कुछ लोग अपनी मर्जी से ही अपने घर की महिलाओं से यह काम करवाते हैं। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो वेश्यावृत्ति में पकड़े जाने वाली अधिकतर लड़कियां बंगाल की मिलती है। बीते दिनों दिल्ली में सेक्स रैकेट में पकड़ी जाने वाली जितनी महिलाएं थी उन सभी के पति शराबी थे। एक महिला ने बताया कि उसका पति पूरे दिन शराब पीता है,कोई काम नहीं करता और घर खर्च के नाम पर एक रुपया भी नहीं देता तो ऐसे में वह क्या करे। महिला ने यह भी बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है तो उसे कोई काम भी नहीं मिलता। इसके अलावा जो आंकड़े हैं उनमें कई तमाम लड़कियां लव-जिहाद की शिकार बनी और वह घर से बिना बताए घर छोड़कर चली जाती हैं। इस मामले में पहले तो घरवाले गुमशुदगी की एफआईआर करा देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद उनको शादी से संबंधित दस्तावेज कोरियर कर दिया जाता है। बच्चा चोर गैंग ने पूरे देश में आतंक मचा रखा है। बहरहाल, अब इसमें हम सरकार के किरदार व जिम्मेदारी की बात करते हैं तो इसमें शासन-प्रशासन पूर्णत फेल है। चूंकि घटनाक्रम चाहे कोई भी हो लेकिन इतने अधिक आंकड़े सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हैं। यदि कोई मकान मालिक अपने किराएदार की वेरिफिकेशन न कराए और दोनों के बीच कोई घटना घट जाए तो पुलिस मकान मालिक को इतना परेशान कर देती है जैसे उसने कोई बहुत बडा गुनाह कर दिया हो। आपदा से तो मनुष्य लड़ सकता है लेकिन किसी के गायब होने का दर्द कोई भी नहीं झेल पाता। जितने आंकडे हैं

# बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

# मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

अंतर्मन




आज की पाती

## युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं का कारण पढ़ाई में हार

देश में युवाओं के बढ़ते सुसाइड के मामले में समाज की चिंताएं में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। आत्म हत्या करने वाले युवा विद्यार्थियो और बेरोजगार युवा की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह सभ्य समाज के लिए कठिन डगर है। माता पिता पर पड़ने वाला बोझ असमय उनको वृद्धावस्था की और धकेल रहा है। देश में युवाधन इस राह पर चल पड़ेगा यह तो किसी को पता नहीं था। विगत एक दशक से युवा पढाई का बोझ लेकर चिंता मे रहता है। इसको केस के आधार पर डील किया जाता है। लेकिन कभी किसी ने सतह पर जाकर आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास ही नही किया। लेकिन यह सर्वविदित है कि देश मे युवाओ की मौत का असली कारण पढाई का बोझ और अभिभावको का शिक्षा के लिए बढता टॉर्चर कारणभुत है। जिसका कोई औचित्य नही है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

### आध्यात्मिक पर्यटन



जिसे आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में वर्णित किया जा सकता है, उसके लिए पुडुचेरी एक अद्भुत गंतव्य है। आध्यात्मिक पर्यटन तेजी से वैश्विक चलन बनता जा रहा है। इसमें इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूत बढ़ावा देने की क्षमता है।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### प्रतिक्रिया व्यक्त करें



यदि आप प्रतिक्रिया व्यक्त करने की स्थिति में है, तो जरूर करें वरना तो कोई भी और कुछ भी आपके जीवन का अपने नियंत्रण ले सकता है। सचेत प्रतिक्रिया ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसलिए प्रतिक्रिया जरूर व्यक्त करें।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### समर्थन की जरूरत



क्रिकेट प्रशंसकों से छोटा सा अनुरोध, भारतीय टीम को नजरअंदाज न करें। एकता दिखाएं, खिलाड़ियों पर व्यक्तिगत पसंद से विभाजित न हों। रोहित और द्रविड़ ने बुमराह जैसे सितारों के बिना भी बड़े टूर्नामेंट खेले है। विश्व कप घर आ रहा है, टीम को आपके समर्थन की जरूरत है।
-मोहम्मद कैफ, क्रिकेटर

### बहुत पसंद आया



द नाइट मैनेजर को देखा। बेहतरीन शो है। सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन मेरे दोस्त अनिल कपूर अभिनेता के रूप में परिपक्व हो रहे है। आपका सुंदर सूक्ष्म और सशक्त प्रदर्शन बहुत पसंद आया।
-अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

## ब्रिटेन में विद्यार्थियों की स्नातक डिग्री अटकी

ब्रिटेन में श्रम विवाद के कारण व्याख्याताओं ने परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने से इनकार कर दिया है जिससे हजारों विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री नहीं मिल पा रही है। हफसा यूसुफ पिछले सप्ताह स्नातक करने वाली थीं। अंग्रेजी साहित्य की छात्रा यूसुफ ने समारोह में भाग लेने के लिए 200 पाउंड खर्च करके 'ग्रेजुएशन गाउन' की व्यवस्था करने के साथ फोटोग्राफी तथा अपने परिवार के लिए टिकट का प्रबंध किया। लेकिन समारोह से ठीक दो हफ्ते पहले, लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने उन्हें एक ई-मेल भेजा जिसमें कहा गया कि ब्रिटेन में अकादमिक कर्मचारियों द्वारा की गई



ऑफ बीट

## आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है



Scanned by TapScanner

